R.N.I.No. 22705 / 72

# सरस्वाणी

वर्ष: 56 | अंक : 07 | जुलाई 2026 | विक्रम सम्वत् 2083 | आषाढ़ | पृष्ठ 16 | लागत मूल्य : ₹ 6

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई
## विवाह सहयोग समिति द्वारा आयोजित

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

EVENT DATE
**26 JULY 2026**
TIME
2 PM to 9 PM

# MEET N GREET 3

Let's Connect, Let's Engage, Let's Grow Together!
MASTI & DHAMAAL



Only for singles above 24 years of Age

**ATRACTIONS**

**OPEN HOUSE**
Open Conversations
New Connections
Endless Possibilities

**LIVE MUSIC**
Feel the Vibes,
Enjoy the Tunes,
Live the Moment

**स्थान**
माहेश्वरी भवन अन्धेरी
श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक
अन्धेरी (प.), मुम्बई - 400 053

For more information
https://vivah.mumbaimaheshwari.com/

**GOOD PEOPLE**
+ GREAT VIBES =
UNFORGETABLE TIMES

**BOARD GAMES**
BY GAURAV ZHAWER
THEBOARDINGGATE (INSTA HANDLE)

**OPEN CHATS**
LET'S MEET, LET'S CONNECT, LET'S ENGAGE

**HI-TEA & DINNER**

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें।

| कल्पना लोहिया | कान्ता मालपानी | ज्योति राठी |
|---|---|---|
| अध्यक्षा | संयोजिका | कार्यक्रम संयोजिका |
| 93230 08960 | 93227 33821 | 87793 80780 |

*Strangers Today, Friends Tomorrow, Family Forever !!*

## केन्द्रीय महिला समिति द्वारा सातुड़ी तीज के पावन पर्व पर



### सातुचूर्ण वितरण
शनिवार दि. 22 अगस्त 2026
प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक

### तैयार सातु वितरण
मंगलवार दि. 25 अगस्त 2026
दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक



**स्थान :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

सुमन मुन्दडा - अध्यक्षा - 98191 29900 ✤ शालिनी कासट - संयोजिका - 96190 23448

P4-5

## भावी कार्यक्रम एक नजर में. . .

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | एक दिवसीय पिकनिक | घाटकोपर महिला समिति | 24 जुलाई | 07 |
| 02. | AI for ALL | प्रशिक्षण एवम् पर्यावरण सन्तुलन समिति तथा अन्धेरी एवम् मालाड क्षेत्रीय समितियाँ | 25 जुलाई | 08 |
| 03. | Meet N Greet 3 | विवाह सहयोग समिति | 26 जुलाई | 01 |
| 04. | रुद्राभिषेक | मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 02 अगस्त | 09 |
| 05. | तीज महोत्सव | मालाड महिला समिति | 08 अगस्त | 07 |
| 06. | Metwork 3.0 | मध्य मुम्बई युवा समिति | 09 अगस्त | 06 |
| 07. | Boards & Brains | अंधेरी युवा समिति | 09 अगस्त | 12 |
| 08. | छोटी तीज का सिंझारा | गोरेगांव महिला समिति | 11 अगस्त | 09 |
| 09. | तीज का सिंझारा | घाटकोपर महिला समिति | 13 अगस्त | 07 |
| 10. | ध्वजारोहण एवं प्रतियोगिता | घाटकोपर युवा समिति | 15 अगस्त | 09 |
| 11. | ध्वजारोहण एवं देश भक्ति गीत | बोरीवली क्षेत्रीय समितियाँ | 15 अगस्त | 09 |
| 12. | Badminton Championship | बोरीवली युवा समिति | 15 अगस्त | 08 |
| 13. | ध्वजारोहण | दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 15 अगस्त | 02 |
| 14. | औद्योगिक भ्रमण | दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 15-16 अगस्त | 02 |
| 15. | छोटी तीज का सामूहिक उद्यापन | गोरेगांव महिला समिति | 15 अगस्त | 15 |
| 16. | सिंझारा + सातु वितरण उद्घाटन | केन्द्रीय महिला समिति | 18 अगस्त | 04 |
| 17. | क्षेत्रों में सातुचूर्ण एवं तैयार सातु वितरण | सभी क्षेत्रीय महिला समितियाँ | 20/21 अगस्त | 05 |
| 18. | सातुचूर्ण वितरण | केन्द्रीय महिला समिति | 22 अगस्त | 01-04 |
| 19. | आज की बात - कल का भविष्य | संस्कार एवं सत्संग समिति तथा केन्द्रीय युवा समिति | 23 अगस्त | 13 |
| 20. | तैयार सातु वितरण | केन्द्रीय महिला समिति | 25 अगस्त | 04 |
| 21. | बछबारस उद्यापन | गोरेगांव महिला समिति | 08 सितम्बर | 15 |
| 22. | अरुणाचल प्रदेश यात्रा | गोरेगांव क्षेत्रीय समितियाँ | 30 सितम्बर | 06 |



**दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति** द्वारा आयोजित

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण

शनिवार, दि. 15 अगस्त 2026, प्रात: 8.30 बजे

**स्थल :** माहेश्वरी भवन गिरगांव

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

गिरिराज लखोटिया - कार्यक्रम संयोजक - 98690 13182

---

## एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण

**Precision Camshafts Ltd.** एवम् **BNG Data Systems**

शनिवार दि. 15 अगस्त 2026 को रात्रि में सोलापुर के लिए प्रस्थान

इच्छुक समाजबन्धु दि. 20 जुलाई 2026 के पूर्व अपना नाम रजिस्टर करें।

पवन झंवर - कार्यक्रम संयोजक - 93202 54084

मुरलीमनोहर तापड़िया - अध्यक्ष - 93230 15596 • किशन सोमानी - संयोजक - 93245 81811

प्रिय स्वजनों,

जय श्रीकृष्ण।

आपको बताते हुए अति प्रसन्नता हो रही है कि महेश नवमी उत्सव रविवार दिनांक 21 जून 2026 को माहेश्वरी भवन अन्धेरी में 550 समाजबन्धुओं की भव्य उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त समाजबन्धुओं का अभिनन्दन, मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा का 75/25 का नया सामाजिक चिन्तन, श्री बलदेवजी माहेश्वरी व उनके साथियों द्वारा भजन-कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति और समाजबन्धुओं का सहभाग ने इस उत्सव को अविस्मरणीय बनाया, सभी को साधुवाद।

बहुत खुशी की बात है कि इसी अवसर पर अन्धेरी भवन में शीतल जल सेवा केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। इसका निर्माण श्री श्रीनिवासजी बाहेती द्वारा प्राप्त अनुदान से किया गया। इस हेतु आपका हार्दिक आभार एवम् धन्यवाद। वर्तमान में श्री बाहेतीजी अन्धेरी क्षेत्रीय समिति के संयोजक है।

बन्धुओं, हम भगवान महेश के उपासक है, उनका आशीर्वाद हम पर सदैव बना है। आईए उनके स्वरुप का विशेष दर्शन करके उसका भावार्थ समझते हैं। भगवान महेश को पंचानन अर्थात पाँच मुखों वाले कहा जाता है। शिवजी की आरती में हम गाते भी है - एकानन चतुरानन पंचानन साजे, हंसासन गरुडासन वृषवाहन साजे।

पाँच मुख का अर्थ है समस्त सृष्टि के मूल पाँच तत्वों के स्वामी, जिनसे यह सृष्टि बनी है। अर्थात पृथ्वी, आप (जल), तेज (अग्नि), वायु और आकाश। ✦ पृथ्वी हमें स्थिरता, धैर्य और सहनशीलता का सन्देश देती है। ✦ आप (जल) पवित्रता, शीतलता, विनम्रता और जीवनदायिनी शक्ति का प्रतीक है। ✦ तेज (अग्नि) ज्ञान, उर्जा, तप और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। ✦ वायु प्राण, गति, स्वतन्त्रता और जीवन की निरन्तरता का आधार है। ✦ आकाश विशालता, अनन्तता और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है।

भगवान शिव की आराधना केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि इन पाँचो तत्वों के प्रति श्रद्धा व जागरूकता एवं सम्मान के भाव विकसित करना भी है। जब हम प्रकृति के इन तत्वों के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे, तब हमारा जीवन वास्तव में शिवमय और सार्थक होगा, सही मायने में हम समृद्ध व सुखी होंगे।

बन्धुओं, सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम् भारतीय संस्कृति का एक महान जीवन दर्शन है, एक महान मन्त्र है जो हमारे आराध्य भगवान महेश के स्वरूप को सरलता से व्यक्त करता है और हमें अपना जीवन सार्थक करने के लिए प्रेरित करते हुए जीवन जीने का उत्तम मार्ग दिखाता है। सत्यम् अर्थात सच। भगवान शिव सत्य, न्याय और धर्म के प्रतीक हैं। हमें जीवन में सत्य का पालन करने और ईमानदारी की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। शिवम् का अर्थ है शुभ, कल्याण। भगवान महेश सम्पूर्ण सृष्टि के मंगलकारी है। समुद्र मन्थन के समय विनाशकारी कालकूट विष का प्राशन कर उन्होंने समस्त जगत की रक्षा की। उनका यह नीलकण्ठ स्वरूप हमें त्याग, करुणा और लोककल्याण का संदेश देता है। सर्वे भवन्तु सुखिनः के मंत्र को पालन करने की सिख देता है। सुन्दरम् का अर्थ केवल बाहरी सुन्दरता नहीं अपितु मन, विचार और चरित्र की सुन्दरता है। भगवान महेश का सादगी पूर्ण स्वरूप सद्गुण, प्रेमभाव, विनम्रता और पवित्र आचरण के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। वास्तविक सुन्दरता इसी में निहित है।

आईये सत्यम् शिवम् सुन्दरम् की परिकल्पना को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं। अपने जीवन को शिवमय बनाकर जीवन को अर्थपूर्ण अर्थात Meaningful बनाते हैं। माहेश्वरी होने का यही सच्चा अर्थ है, यही हमारा कर्तव्य और धर्म भी है!

सत्य हमारा पथ बने, कल्याण हमारी भावना, सुन्दर चरित्र पहचान बने, यही ईश्वर से प्रार्थना।

मंगलकामनाओं सहित, जय महेश।

विनम्र

मुम्बई

दिनांक : 15 जुलाई 2026

नारायण मालपानी (अध्यक्ष) 98198 09211

## केन्द्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित


# तीज सिंझारा एवं सातुचूर्ण वितरण उद्‌घाटन समारोह

मंगलवार, दि. 18 अगस्त 2026, अपराह्न 2.00 बजे से **स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

## सातुचूर्ण वितरण

कोलकाता दालिया, मुम्बई दालिया, गेहूँ चूर्ण, चावल चूर्ण, बूरा, पीसी शक्कर, मूंग एवं चना पापड़, बीकानेरी भुजिया, चांदी वर्क, केसर, रसगुल्ला एवं मेहंदी।

शनिवार, दि. 22 अगस्त 2026, प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक





## तैयार सातु (आधा/एक Kg) वितरण

* कोलकाता दालिया, मुम्बई दालिया, गेहूँ एवं चावल
* सिका हुआ बेसन, गेहूँ एवं चावल

मंगलवार, दि. 25 अगस्त 2026, दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

**निवेदक**

सुमन मून्दड़ा - अध्यक्षा - 98191 29900 • शालिनी कासट - संयोजिका - 96190 23448

**तैयार सातु केवल ऑर्डर देने पर ही मिलेंगे। अधिक जानकारी व ऑर्डर देने हेतु अपने क्षेत्र की कार्यकर्ता / संयोजिका से कृपया सम्पर्क करें।**

**स्टॉक रहने तक सामान का वितरण किया जाएगा।**

**सामान ले जाने हेतु थैली अवश्य लाएँ।**

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति

**तैयार सातु वितरण**

मंगलवार दि. 25 अगस्त 2026

अपराह्न 3 से 5 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

तैयार सातु लिखवाने की अन्तिम तिथि 13/08/2026

सुनीता काबरा - 93232 04750
गीता सोनी - 98192 50362

रमा केला - संयोजिका - 99877 66664

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति

**तैयार सातु वितरण**

मंगलवार दि. 25 अगस्त 2026

अपराह्न 3 से 5 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

तैयार सातु लिखवाने की अन्तिम तिथि 13/08/2026

स्वाती लाहोटी - 98929 59847
अनिता जाजु - 98213 40343

राखी बजाज - संयोजिका - 98213 20925

**ऑर्डर Google Form के द्वारा ही ली जायेगी।**

# विविध क्षेत्रों में सातु चूर्ण एवं तैयार सातु वितरण



## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति

गुरुवार दि. 20 अगस्त 2026

अपराह्न 1.30 से 4.30 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

आर्डर लिखवाने की अन्तिम तिथि

सातु चूर्ण - 06/08/2026 तैयार सातु - 13/08/2026

मनिषा बियानी 98679 34216

रचना फाफट 98211 05464

उर्मिला सिंगी - संयोजिका - 99209 20173

## मालाड क्षेत्रीय महिला समिति

गुरुवार दि. 20 अगस्त 2026 अपराह्न 1 से 4 बजे तक

**स्थल :** चिंचोली हनुमान मंदिर, बजाज हॉल के सामने, एस.वी.रोड, मालाड (प.)

सातुचूर्ण एवं तैयार सातु लिखवाने की अन्तिम तिथि 09/08/2026

शोभा दरक - 97022 60383

कविता काबरा - 93206 24230

शोभा चाण्डक - 93238 26288

कृष्णा काबरा - 93236 20237

सुनिता सारड़ा - संयोजिका - 93247 48773

## मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति

गुरुवार दि. 20 अगस्त 2026,

अपराह्न 2 से सायं 5 बजे तक

**स्थल :** राधाजी बाहेती का निवास,
53/ 54 मुनिष अपार्टमेन्ट,
जॉनसन एण्ड जॉनसन, गार्डन के सामने,
एल.बी.एस. मार्ग, मुलुण्ड (प.). 86525 06932

आर्डर लिखवाने की अन्तिम तिथि

सातु चूर्ण - 08/08/2026 तैयार सातु - 13/08/2026

वैशाली नावन्दर 99676 48015

दीपिका लड्ढा 94213 75136

रीना लखानी 80126 47867

पारुल माहेश्वरी - संयोजिका -98214 69522

## अन्धेरी क्षेत्रीय महिला समिति

गुरुवार दि. 20 अगस्त 2026 प्रातः 11 से 2 बजे तक

**स्थल :** रिक्रिएशन क्लब, पिरामल गार्डन, जे.बी. नगर, अन्धेरी (पूर्व)

आर्डर लिखवाने की अन्तिम तिथि

सातु चूर्ण - 08/08/2026 तैयार सातु - 13/08/2026

अनुपमा अजमेरा 91679 60169

बसंती करवा 98216 95758

उमा इनानी (तैयार सातु हेतु) - 98208 79259

सुनिता मुन्दड़ा - संयोजिका - 93242 53096

## बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति

शुक्रवार दि. 21 अगस्त 2026 अपराह्न 01 से 4 बजे तक

**स्थल :** बोरीवली मण्डल प्लॉट, न्यु लिंक रोड, बोरीवली (प.)

आर्डर लिखवाने की अन्तिम तिथि

सातु चूर्ण - 08/08/2026 तैयार सातु - 13/08/2026

जयंती झंवर 93248 05712

सोनाली राठी 93242 81000

तैयार सातु के लिये सम्पर्क

लता गग्गड़ - 99677 59168

सुनिता लोया - संयोजिका - 97693 42006

## गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति

गुरुवार दि. 20 अगस्त 2026 अपराह्न 2 से 5 बजे तक

**स्थल :** * माहेश्वरी भवन, अन्धेरी

* महेश नगर भवन, गोरेगांव (प.)

* विजन इस्टेट कन्सल्टन्ट-क्युपिड 3, लक्ष्मी विला, शुची धाम क्लब, शुचीधाम कॉम्प्लेक्स, गोरेगांव (पू.)

सातुचूर्ण लिखवाने की अन्तिम तिथि 08/08/2026

तैयार सातु लिखवाने की अन्तिम तिथि 13/08/2026

| | | |
|---|---|---|
| गोरेगांव (पू.) | अर्चना लाहोटी | 98204 92251 |
| महेश नगर | सरीता दरक | 88508 75539 |
| मंगलकारीणी | सुरेखा काबरा | 79774 99477 |
| बांगड नगर | भाग्यवती पसारी | 99207 84850 |
| जोगेश्वरी | सरोज मालपानी | 74986 05939 |

आशा साबू - 98208 20144 (तैयार सातु हेतु)

लता परवाल - संयोजिका - 99308 42853

**ऑर्डर Google Form के द्वारा ही ली जायेगी।**




अधिक जानकारी व नाम लिखवाने हेतु कृपया सम्पर्क करें।
मनीष माहेश्वरी - कार्यक्रम संयोजक - 93204 09863
हेमन्त बियानी - अध्यक्ष - 98690 86370 • वेंकटेश बजाज - संयोजक - 77188 77742

The Round Table Edition

मध्य मुम्बई क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

## METWORK 3.0

### MAHESHWARI NETWORKING

**01 Get Talking**
Round the Table discussion on Problem Statements **(1 to 1) by Participants**

**02 Get Inspired**
Each Round Table will be **facilitated by 1 Panelist**

**03 Maximum Age limit**
For Panelist & Participants **55 yrs**

**PANELISTS**

- श्री प्रवीणजी सोमानी - Inland World Logistics & Enviiirowheels Mobility
- श्री प्रणवजी माहेश्वरी - Stay Vista
- श्री राहुलजी धूत - Dhoot Transmission Ltd.
- श्री लोकेशजी डागा - Nasher Miles
- श्री नितेश माहेश्वरी - MD-J P Morgant Asset Management
- श्री हर्ष सोमानी - Hoora
- श्री सुमित काबरा - R R Global
- श्री मयंक मरदा - Vibrant Experiences


रविवार, दि. 9 अगस्त 2026
प्रात: 10 से दोपहर 12.30 बजे तक

स्थल : लोअर परेल, मुम्बई
(अधिक जानकारी प्रेषित की जायेगी)

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य (Mandatory) है, कृपया सम्पर्क करें।

प्राची जाजु - अध्यक्षा - 94227 03488 • आदित्य मुन्दड़ा - संयोजक - 90221 54434
केशव मरदा - कार्यक्रम संयोजक - 99200 36011





## मालाड क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

# तीज महोत्सव

**एक यादगार शाम - रंग, उमंग और प्रतिभाओं के नाम**

सावन का मौसम और सोलह श्रृंगार
आइए मनाएँ तीज का खुबसुरत त्योहार

शनिवार, दि. 8 अगस्त 2026 | दोपहर 3 बजे से

स्थान : माहेश्वरी भवन अन्धेरी, श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक, अन्धेरी (प.)

### विशेष आकर्षण



Teej Diva
सौंदर्य और आत्म विश्वास का शानदार संगम।



Trousseau Craft Queen
क्रिएटिविटी का मैजिक, टैलेन्ट का तड़का।



Saatu Shringar
सातु की मिठास और आपका अन्दाज।



Aaja Nachle
बीट पे बैटल, ग्रुप डान्स।



Neemdi Décor Delight - तीज माता का भव्य श्रृंगार।




Reel Queen
तीज की मस्ती, रील्स में आपकी खास हस्ती।


**अपनी प्रतिभा को उजागर करें, इस खास शाम को यादगार बनाएँ।**

**निवेदक**

| कला कासट | सुनिता सारड़ा | शर्मिला झंवर | नीलम तोषनीवाल |
|---|---|---|---|
| (अध्यक्षा) | (संयोजिका) | (कार्यक्रम संयोजिका) | (कार्यक्रम संयोजिका) |
| 79772 14168 | 93247 48773 | 88793 33966 | 93207 70849 |

---





## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

# चौमासा री एक दिवसीय पिकनिक
# ग्राम विकास सेवा केन्द्र (पालघर)

शुक्रवार दि. 24 जुलाई 2026, प्रात: 6 बजे
घाटकोपर भवन से बस द्वारा प्रस्थान
कृपया पिकनिक में सम्मिलित होने हेतु सम्पर्क करें।

रचना फाफट - कार्यक्रम संयोजिका - 98211 05464

*******************************************************************************************

# तीज का सिंझारा



गुरुवार दि. 13 अगस्त 2026, अपराह्न 2.30 बजे

**स्थल :** माहेश्वरी भवन घाटकोपर

### विशेष आकर्षण

फ्लोअर रैम्प वॉक, नृत्य एवं मनोरंजक खेल

सभी बहने पारम्परिक वेशभूषा में सज-धज कर कार्यक्रम में अवश्य पधारें।

**निवेदक**

मंजु गग्गड - अध्यक्षा - 98334 81415 • उर्मिला सिंगी - संयोजिका - 99209 20173

### बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

# ULTIMATE BADMINTON CHAMPIONSHIP 2026

शनिवार दि. 15 अगस्त 2026

स्थल : The TSG Court
बोरीवली (पू.)


Challenge the Best
Win the Cup

**Categories**
Men's - Singles & Doubles
Women's - Singles & Doubles
Mixed Doubles

अधिक जानकारी एवम् रजिस्ट्रेशन के लिये कृपया सम्पर्क करें

| संजोग काबरा (अध्यक्ष) | मोनाली लड्ढा (संयोजिका) | शिवम काबरा (कार्यक्रम संयोजक) |
|---|---|---|
| 80807 22421 | 98197 20987 | 86898 94353 |

## प्रशिक्षण एवम् पर्यावरण सन्तुलन समिति तथा
## अन्धेरी एवम् मालाड क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित




शनिवार दि. 25 जुलाई 2026 सायं 5 बजे से

स्थल : माहेश्वरी भवन अंधेरी, श्री श्रीराम तापड़िया मार्ग
माहेश्वरी भवन चौक, अंधेरी (प.)

**वक्ता : श्रीमती विदुषीजी डागा एवं टीम**

- ★ Practical Tools for Daily Life
- ★ Save Time, Increase Productivity
- ★ Work Smarter, Live Better
- ★ For Everyone, Everyday

कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु
MPM APP द्वारा
रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

Apple Phones — Android Phones

| निवेदक | अध्यक्ष | संयोजक |
|---|---|---|
| प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति | सुशिल माहेश्वरी - 96193 91444 | डॉ. बजरंगलाल माहेश्वरी - 93222 33166 |
| अन्धेरी क्षेत्रीय समिति | मुकेश काबरा - 98207 07510 | श्रीनिवास बाहेती - 98200 48293 |
| मालाड क्षेत्रीय समिति | गोपाल राठी - 98201 30862 | गौतम मानधनिया - 98194 21252 |

नितेश चाण्डक - कार्यक्रम संयोजक - 88790 90388



## बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# आजादी के रंग - समाजबन्धुओं के संग

**ध्वजारोहण एवं देशभक्ति गीत -संगीत (समाजबन्धुओं द्वारा)**

शनिवार दि. 15 अगस्त 2026 • प्रातः 9.30

स्थान : माहेश्वरी प्रगति मण्डल बोरीवली प्लॉट, बोरीवली (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| बोरीवली क्षेत्रीय समिति | दीपक सोमानी - 98690 20399 | धनेश बंग - 98204 30338 |
| बोरीवली महिला समिति | संगीता माहेश्वरी - 98207 13770 | सुनीता लोया - 97693 42006 |
| बोरीवली युवा समिति | संजोग काबरा - 80807 22421 | मोनाली लड्डा - 98197 20987 |


कार्यक्रम के पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था है।

---

रविवार
दि. 2 अगस्त 2026
प्रातः 9 से
दोपहर 12 बजे तक

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित

# रुद्राभिषेक पूजा



स्थलः- श्री केदारेश्वर महादेव मन्दिर
डॉ. ॲनी बेसेंट रोड, वरली, मुम्बई

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

व्रजेन्द्र मालु - अध्यक्ष - 98200 07302   निलय राठी - संयोजक - 98195 14099
मनोज मनियार - कार्यक्रम संयोजक - 98206 72001

---

## घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

**ध्वजारोहण एवं देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम**

**बच्चों के लिये (5 से 15 वर्ष आयु) प्रतियोगिताएँ**

✦ Chess ✦ Drawing ✦ One Minesute Games
✦ Sudoku ✦ Rubics Cube

**शनिवार, दि. 15 अगस्त 2025 प्रातः 9.00 बजे**

**स्थल : माहेश्वरी भवन, घाटकोपर**

Dress Code : सफेद वस्त्र (White Dress)

समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं।

प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कृपया 12 अगस्त 2026 तक अपने बच्चों के नाम रजिस्टर करें।

पूजा काबरा 96194 17772   प्रिती मालू 92235 26126   पुर्णिमा मालपाणी - संयोजिका 96643 68736

---

## गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति

द्वारा आयोजित

# छोटी तीज का सिंझारा

मंगलवार, दि. 11 अगस्त 2026
दोपहर 2.30 बजे से

**स्थल**

माहेश्वरी भवन अंधेरी, श्रीराम तापड़िया मार्ग
माहेश्वरी भवन चौक, अंधेरी (प.)

**विशेष आकर्षण**

सरप्राईज एवम् मनोरंजक गेम्स
नृत्य, अन्ताक्षरी, तम्बोला आदि

संगीता तोतला - अध्यक्षा - 99695 45441
लता परवाल - संयोजिका - 99308 42853

# विवाह में 75-25 का सन्तुलन : आज की आवश्यकता, कल की सुरक्षा एक दूरदर्शी सामाजिक सुझाव

भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार है। यह दो व्यक्तियों और दो परिवारों का मिलन है। प्रत्येक माता-पिता अपनी सन्तान के विवाह को यादगार बनाने के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं। किन्तु वर्तमान समय में विवाह समारोहों में बढ़ते दिखावे, प्रतिस्पर्धा और अनावश्यक खर्च ने इस पवित्र संस्कार को कई बार आर्थिक बोझ में परिवर्तित कर दिया है।

विवाह, पारिवारिक उत्तरदायित्व और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा को जोड़ते हुए '75-25 सिद्धान्त' यह कोई नियम या बन्धन नहीं है, बल्कि एक ऐसी सकारात्मक सामाजिक सोच है, जो परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और भविष्य के प्रति अधिक सजग बना सकती है।

### क्या है 75-25 का सिद्धान्त?

मेरा सुझाव है कि विवाह के लिए जो भी कुल बजट निर्धारित किया जाए, उसमें,

- लगभग 75% राशि विवाह एवम् उससे सम्बन्धित कार्यक्रमों पर व्यय की जाए।
- शेष 25% राशि भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत एवम् निवेश के रूप में सुरक्षित रखी जाए।

यह बचत केवल धन बचाने की बात नहीं है, बल्कि वर्तमान समारोह और भविष्य की सुरक्षा के बीच सन्तुलन स्थापित करने का प्रयास है।

### बचत क्यों आवश्यक है?

1. भविष्य की आर्थिक सुरक्षा

   जीवन में परिस्थितियाँ सदैव एक जैसी नहीं रहतीं। स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियाँ, व्यवसाय में उतार-चढ़ाव, नौकरी की अस्थिरता अथवा अन्य आकस्मिक आवश्यकताएँ कभी भी सामने आ सकती हैं।

   यदि विवाह के समय कुछ राशि सुरक्षित रखी जाए, तो वह भविष्य में नवदम्पति और परिवार के लिए एक मजबूत आर्थिक सुरक्षा कवच बन सकती है।

2. आने वाली पीढ़ी के लिए मजबूत आधार

   आज विवाह में लाखों रुपये खर्च कर दिए जाते हैं, लेकिन भविष्य के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की जाती। यदि उसी व्यय का एक भाग सुरक्षित कर लिया जाए, तो वह आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य निधि बन सकता है।

   एक अत्यंत प्रेरक विचार प्रस्तुत कर रहा हूं।

   विवाह के समय बचाए गए 25% धन को नवदम्पति को खर्च करने के लिए न दिया जाए। यह राशि परिवार के वरिष्ठ सदस्यों - माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी द्वारा सुरक्षित रखी जा सकती है। भविष्य में जब परिवार में पौत्र, पौत्री, दोहिता अथवा दोहिती का जन्म हो, तब यह राशि उनके नाम पर स्थानान्तरित कर दी जाए या किसी दीर्घकालीन निवेश योजना में सुरक्षित कर दी जाए। इससे बच्चे के जन्म के साथ ही उसके भविष्य की आर्थिक नींव तैयार हो जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकताओं के लिए प्रारम्भिक सुरक्षा उपलब्ध होगी।

3. नवदम्पति को मिलेगा आत्मविश्वास

   आज बढ़ती महंगाई, शिक्षा एवम् जीवन-यापन की लागत के कारण अनेक युवा विवाह को टालते हैं। कई बार विवाह के बाद भी आर्थिक कारणों से सन्तान की योजना को आगे बढ़ा दिया जाता है।

   यदि नवदम्पति को यह विश्वास हो कि उनके एवम् बच्चे के भविष्य हेतु परिवार ने पहले से एक सुरक्षित निधि तैयार कर रखी है, तो उनके मन में आर्थिक सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। उन्हें यह अनुभव होगा कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए परिवार पहले से नियोजन कर रहा है। इससे विवाह और पारिवारिक जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा।

4. पीढ़ियों को जोड़ने वाली परम्परा

यह केवल धन का हस्तान्तरण नहीं होगा, बल्कि एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को दिया गया आशीर्वाद होगा।

दादा-दादी और नाना-नानी द्वारा अपने पौत्र-पौत्रियों के लिए सुरक्षित की गई यह राशि प्रेम, उत्तरदायित्व और भविष्य-सुरक्षा का प्रतीक बन सकती है।

## बच्चों को केवल सम्पत्ति नहीं, जीवन-कौशल भी दें

माता-पिता अपने पुत्र-पुत्रियों को केवल शिक्षा और सम्पत्ति ही न दें, बल्कि उन्हें जीवन जीने के आवश्यक कौशल भी सिखाएँ। बच्चों को कम से कम 25% घरेलू कार्यों एवम् पारिवारिक जिम्मेदारियों का अनुभव अवश्य कराया जाए।

यदि बच्चे,

- ✦ घर की जिम्मेदारियाँ समझेंगे,
- ✦ छोटे-बड़े घरेलू कार्य सीखेंगे,
- ✦ परिवार के साथ मिलकर काम करना सीखेंगे,

तो वे जीवन की किसी भी परिस्थिति में अधिक आत्मनिर्भर और सक्षम बनेंगे।

यह शिक्षा केवल बेटियों के लिए नहीं, बल्कि बेटों के लिए भी समान रूप से आवश्यक है। सफल गृहस्थ जीवन का आधार सहयोग, सहभागिता और जिम्मेदारी है।

## विवाह सम्बन्धों में अभिभावकों की भूमिका

माता-पिता बच्चों के निर्णयों का सम्मान अवश्य करें, किन्तु पूरी तरह स्वयं को अलग भी न कर लें।

एक सन्तुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए,

- ✦ लगभग 75% निर्णय बच्चों की इच्छा, समझ और पसन्द पर आधारित हों,
- ✦ जबकि 25% मार्गदर्शन एवम् अनुभव अभिभावकों का भी शामिल रहे।

इससे निर्णय अधिक परिपक्व, सन्तुलित और दीर्घकालीन दृष्टि से लाभकारी बन सकते हैं।

## समाज को क्या लाभ होगा?

यदि समाज इस सोच को अपनाता है तो अनेक सकारात्मक परिवर्तन सम्भव हैं,

- ✦ विवाह समारोह में अनावश्यक दिखावे और प्रतिस्पर्धा की प्रवृत्ति कम होगी।
- ✦ परिवार आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित बनेंगे।
- ✦ भविष्य के प्रति योजनाबद्ध सोच विकसित होगी।
- ✦ नवदम्पति आर्थिक दबाव से मुक्त होकर जीवन की बेहतर शुरुआत कर सकेंगे।
- ✦ बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत आर्थिक आधार तैयार होगा।
- ✦ समाज में सादगी, विवेक, उत्तरदायित्व और दूरदर्शिता की संस्कृति विकसित होगी।

कल्पना कीजिए कि यदि समाज का प्रत्येक परिवार विवाह व्यय का केवल 25% भाग बचाकर अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखने लगे, तो आने वाले वर्षों में करोड़ों रुपये की सामाजिक सुरक्षा निधि स्वतः निर्मित हो सकती है।

यह विचार केवल आर्थिक प्रबन्धन का सुझाव नहीं हैं, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को जोड़ने वाली सकारात्मक सामाजिक दृष्टि हैं।

यह किसी पर थोपने योग्य नियम नहीं, बल्कि एक ऐसा विचार है जिस पर समाज गम्भीरता से विचार कर सकता है।

यदि हम विवाह की भव्यता में थोड़ी सादगी और भविष्य के लिए थोड़ी दूरदर्शिता जोड़ दें, तो वर्तमान की खुशियों के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

'विवाह का वास्तविक सौन्दर्य दिखावे में नहीं, बल्कि संस्कार, सन्तुलन, समझदारी और भविष्य-सुरक्षा में है।'

'आज बचाया गया 25 प्रतिशत केवल एक बचत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए दिया गया एक अनुपम आशीर्वाद है।'

। इति शुभम् ।

रमेश मरदा, मुम्बई (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 98210 98196




आज के व्यस्ततम जीवन एवम् मुम्बई जैसे शहर में किसी परिवार में कोई गमी होने पर सम्बन्धित परिवार को तत्काल सहयोग की आवश्यकता होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मण्डल द्वारा प्रत्येक क्षेत्र से 3 कार्यकर्ताओं के नाम उनके मोबाईल नम्बर निम्नानुसार प्रकाशित किये हैं। आवश्यकता होने पर समाजबन्धु अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर सकते हैं।

अशोक भराड़िया - मंत्री

**दक्षिण मुम्बई**

1) रामअवतार चाण्डक 93234 50502
2) युगल सोमानी 93235 51412
3) पवन झंवर 93202 54084

**मध्य मुम्बई**

1) भगवान भूरा 98672 75591
2) कमल मनियार 93232 95503
3) आशीष काबरा 73031 37372

**घाटकोपर**

1) प्रवीण नावन्दर 98209 50019
2) नवनीत लोया 98210 65471
3) शिव जैथलिया 93228 42385

**मुलुण्ड**

1) जगदीशचन्द्र अजमेरा 98209 39450
2) श्यामसुन्दर बाहेती 98332 59251
3) गोविन्द देवपुरा 98201 69095

**अंधेरी**

1) राजरतन दमानी 98205 99468
2) श्रीवल्लभ लोहिया 98210 35629
3) जयकिशन राठी 98211 29848

**गोरेगांव**

1) सुरेश मारू 98672 86728
2) रामनिवास सिंघी 98923 95321
3) रघुनन्दन सोमानी 88889 60981

**मालाड**

1) गजानन्द गग्गड़ 93209 69649
2) रामचन्द्र भट्टड़ 93239 38639
3) पवन काबरा 98211 29537

**बोरीवली**

1) धनेश बंग 98206 13269
2) विनोद मालू 98211 19785
3) निलेश तोषनीवाल 98705 64448

# संस्कार एवं सत्संग समिति तथा केन्द्रीय युवा समिति
## के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान

रविवार
दि. 23 अगस्त 2026
सायं 4 बजे

# आज की बात - कल का भविष्य

उत्तम पेरेन्टिंग • सशक्त महिलाएँ • सकारात्मक जीवनशैली
उपरोक्त मुख्य विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा।

## वक्ता : श्रीमती रेणुकाजी गोस्वामी
## (श्रीधाम, वृन्दावन)

(सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं प्रेरक वक्ता)

**स्थल :** माहेश्वरी भवन अन्धेरी, श्री श्रीराम तापड़िया मार्ग
माहेश्वरी भवन चौक, अन्धेरी (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

Apple Phones      Android Phones

कार्यक्रम में सम्मिलित होने MPM App द्वारा रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

| निवेदक | अध्यक्ष | | संयोजक | |
|---|---|---|---|---|
| संस्कार एवं सत्संग समिति | हर्षद केला | - 98198 32445 | गजानन्द गग्गड | - 93209 69649 |
| केन्द्रीय युवा समिति | सुमित दरक | - 97685 42376 | गौरव चिचानी | - 90222 40892 |

विज्ञापन

# End-to-End Waste Solutions for a Circular Economy

**EXTENDED PRODUCER RESPONSIBILITY (EPR)**

- Plastic
- E Waste
- Battery Waste
- Used Tyre
- Used Oil
- End of Life Vehicles

**WMS Waste Management Services**

**INTEGRATED WASTE MANAGEMENT**

- Paper
- Metal
- Plastic
- E Waste
- Wet & Dry Waste
- Used Oil
- Expired Medicine & Food
- Hazardous Waste
- Office Reinstatement

**CONTACT**
Viinay Mantri
www.wasteservices.in
vinay@wasteservices.in
+91 9004 760 939

- बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा बुधवार, दि. 27 मई से शुक्रवार दि. 5 जून 2026 तक आयोजित उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। यात्रा में 137 समाजबन्धु सम्मिलित हुए।

  समिति द्वारा महेश नवमी के पावन पर्व पर मंगलवार, दि. 23 जून 2026 को शिव मंदिर बोरीवली में रूद्राभिषेक, भजन-कीर्तन एवम् महाप्रसाद का आयोजन भक्तिभाव एवम् हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 70 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। धनेश बंग - संयोजक

- मुलुण्ड महिला समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पर्व पर सोमवार, दि. 2 जून को बालाजी मन्दिर-नेरुल, ISKON मंदिर-खारघर एवम् नारायणी धाम-लोनावला एक दिवसीय यात्रा सम्पन्न हुई। पारुल माहेश्वरी-संयोजिका

- दक्षिण मुम्बई महिला समिति द्वारा शुक्रवार, दि. 5 जून 2026 को माहेश्वरी भवन गिरगांव में रासलीला का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री कुन्दनजी मिश्रा एवम् साथियों द्वारा प्रस्तुत भजनों एवम् भगवान के विविध स्वरूपों का आनन्द उपस्थित लगभग 110 बहनों ने लिया। रमा केला - संयोजिका

- घाटकोपर महिला समिति द्वारा शनिवार, दि. 6 जून 2026 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में आयोजित बाल संस्कार शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। बुनियादी संस्कार, संस्कृत श्लोक, क्राफ्ट एवम् बैग मेकिंग, नम्बर्स का जादू आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। 25 बच्चों ने इस शिविर का लाभ लिया। • समिति द्वारा पुरुषोत्तम मास के पर्व पर गुरुवार, दि. 11 जून 2026 को माहेश्वरी भवन घाटकोपर में भजन-कीर्तन का आयोजन भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 50 बहनों की उपस्थिति रही। • समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पर्व पर असहाय जरूरतमंदों में जीवन उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। उर्मिला सिंगी - संयोजिका

- अंधेरी महिला समिति द्वारा सोमवार, दि. 8 जून 2026 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में मैजिक मंत्र एवम् वास्तुशास्त्र द्वारा समृद्धि का रहस्य विषय पर कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। श्रीमती सुनिताजी बजाज एवम् श्रीमती संध्याजी गट्टानी का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। लगभग 50 बहनों की उपस्थिति रही। सुनिता मुन्दड़ा - संयोजिका

- मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा मंगलवार, दि. 9 जून 2026 को माहेश्वरी भवन गिरगांव में श्री सुदर्शनकुमारजी की ओजस्वी वाणी में नानीबाई का मायरा कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। उपस्थिति लगभग 110 बहनों की रही। राखी बजाज - संयोजिका

- गोरेगाव क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर मंगलवार, दि. 9 जून 2026 को अपना घर, मालाड (पू) चैरिटेबल ट्रस्ट को असहाय जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन सामग्री एवम् जीवनोपयोगी वस्तुएँ वितरित की गई। लता परवाल - संयोजिका

- दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर दि. 12 जून से 15 जून 2026 के दरम्यान विविध सामाजिक संस्थाओं एवम् गौशाला में भोजन सामग्री एवम् जीवनोपयोगी वस्तुएँ नि:शुल्क वितरित की गई। पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोपाल गौशाला आनगाँव के परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समिति द्वारा रविवार, दि. 14 जून 2026 को वनवासी कल्याण आश्रम, मुम्बई द्वारा संचालित 6 विद्यालयों में 2000 कापियाँ नि:शुल्क वितरित की गई। किशन सोमानी - संयोजक

- मालाड क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर शुक्रवार, दि. 12 जून 2026 को श्रीमती उर्मिलाजी झंवर के निवास स्थान पर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवम् तुलसी-कुंकुम अर्चना का कार्यक्रम भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। लगभग 40 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया। सुनीता सारड़ा - संयोजिका

- बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर शनिवार, दि. 13 जून 2026 को सिटीजन केयर ओल्ड एज होम में जीवन उपयोगी वस्तुओं एवम् भोजन सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया। सुनीता लोया - संयोजिका

- मुलुण्ड युवा समिति द्वारा रविवार, दि. 14 जून 2026 को V4 Turf, भाण्डुप (प.) में Chair Yoga एवम् Meditation का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। 30 समाजबन्धुओं ने लाभ लिया। शैलेन्द्र राठी -संयोजक
- संगठन एवम् जनसेवा समिति द्वारा शनिवार, दि. 27 जून 2026 को इगतपुरी के आदिवासी क्षेत्र की 40 सरकारी स्कूलों में दस हजार से अधिक कापियाँ निःशुल्क वितरित की गई। रामअवतार चाण्डक - संयोजक
- चिकित्सा सहयोग समिति, घाटकोपर क्षेत्रीय समिति एवम् मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी भवन, घाटकोपर में रविवार, दि. 28 जून 2026 को स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें डॉ. विजयजी काबरे (Orthodontist), ने रक्त दान, मरणोपरांत नेत्र व त्वचा दान तथा ब्रेन डेड अवस्था में अंग दान का महत्व समझाया। डॉ. रोहितजी सोमानी (Orthopaedic Surgeon) एवम् डॉ. नम्रताजी काबरा (Ophthalmologist) इन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 'पहला सुख निरोगी काया' इस विषय पर मार्गदर्शन एवम् श्रोताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। परिचर्चा के पश्चात CPR Training सम्पन्न हुई। लगभग 70 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। रमेश काबरा - संयोजक - चिकित्सा सहयोग समिति

### गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

## छोटी तीज - सामूहिक उद्यापन

शनिवार, दि. 15 अगस्त 2026 दोपहर 12 बजे से

उद्यापन हेतु इच्छुक बहनें कृपया 5 अगस्त 2026 के पूर्व सम्पर्क करें।

## बछबारस - सामूहिक उद्यापन

मंगलवार, दि. 8 सितम्बर 2026 अपराह्न 12 बजे से

उद्यापन हेतु इच्छुक बहनें कृपया 29 अगस्त 2026 के पूर्व सम्पर्क करें।

**स्थल :** माहेश्वरी भवन अंधेरी, श्री श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक, अंधेरी (प.)

उद्यापन हेतु कम से कम 10 नाम आने पर ही यह आयोजन किया जायेगा।

संगीता तोतला - अध्यक्षा - 99695 45441 • लता परवाल - संयोजिका - 99308 42853

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

- मण्डल के आजीवन श्री संजयजी मालू एवम् श्री सचिनजी मालू की पूजनीय माताजी श्रीमती त्रिवेणीदेवी धर्मपत्नी स्व.श्री हनुमानप्रसादजी मालू का वैकुण्ठवास गुरूवार, दि. 2 जुलाई 2026 को गोरेगांव में हो गया।
- मण्डल के पूर्व अध्यक्ष स्व.श्री श्रीरामजी तापड़िया की धर्मपत्नी आदरणीया श्रीमती सुमनबाईजी तापड़िया (मण्डल सदस्या) का वैकुण्ठवास मंगलवार, दि. 24 जून 2026 को 93 वर्ष की आयु में हो गया। आप मण्डल के आजीवन सदस्य श्री जयकृष्णजी तापड़िया एवम् श्री जयप्रकाशजी तापड़िया की भाभीजी थी।
- श्री राहुलजी राठी के पूजनीय पिताजी श्री दिनेशकुमारजी राठी (मण्डल सदस्य) का आकस्मिक दुःखद निधन सोमवार, दि. 22 जून 2026 को 60 वर्ष की आयु में मुलुण्ड में हो गया। आप श्री रामेश्वरलालजी राठी के अनुज थे।
- मुलुण्ड वरिष्ठ नागरिक उपसमिति के प्रभारी श्री अरूणजी चितलांगिया एवम् मण्डल के आजीवन सदस्य श्री अनिलजी चितलांगिया की पूजनीय माताजी श्रीमती पुष्पलताजी स्व.श्री माधवबिहाराजी चितलांगिया का वैकुण्ठवास बुधवार, दि. 10 जून 2026 को 88 वर्ष की आयु में मुलुण्ड में हो गया।
- अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति पद्मश्री बन्सीलालजी राठी का वैकुण्ठवास बुधवार, दि. 03 जून 2026 को 93 वर्ष की आयु में चेन्नई में हो गया। आप श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र, चेन्नई के 1997 से 2024 तक कार्यकारी अध्यक्ष रहे। आपके निधन से राठी परिवार एवम् माहेश्वरी समाज की जो क्षति हुई है वह अपूरणीय है।
- मण्डल के न्यासी श्री सुशीलकुमारजी झंवर की पूजनीय माताजी श्रीमती दुर्गादेवी स्व. श्री भँवरलालजी झंवर का वैकुण्ठवास मंगलवार, दि. 02 जून 2026 को 93 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।
- श्री ओमप्रकाशजी कचोलिया की पूजनीय माताजी श्रीमती सावित्रीदेवी नारायणदासजी कचोलिया का वैकुण्ठवास रविवार, दि.31 मई 2026 को 98 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।

**मण्डल परिवार, दिवंगत आत्मा की चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना करता है।** - मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

Post Reg.No. MCS / 047 / 2025-27 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

सरस्वाणी




Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani

 **if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**